हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 4 मार्च 2026
देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

04 चंद्रग्रहण के दौरान मंदिरों के पट रहे बंद, जिले के...



07 नगरपालिका कर्मचारियों की लापरवाही से सिमट कर...



## खबर संक्षेप

### अवकाश में बिल भुगतान केंद्र खुलेंगे

**सीहोर।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत 07, 14, 21, 28 मार्च शनिवार व 01 मार्च, 08 मार्च, 15 मार्च, 22 मार्च, तथा 29 मार्च रविवार, 03 मार्च होली, 19 मार्च गुड़ी पड़वां, 20 मार्च जमात- उल-विदा/ ईद उल-फितर के ठीक पूर्व का दिवस/ रानी अवंती बाई का बलिदान दिवस, 27 मार्च रामनवमी तथा 31 मार्च महावीर जयंती को बिल भुगतान केन्द्र सामान्य कार्य दिवसों की तरह कार्य करते रहेंगे। चारों शहर संभाग यथा पश्चिम, पूर्व, दक्षिण तथा उत्तर संभाग के अंतर्गत सभी जोनल कार्यालय और दानिश नगर, मिसरोद, मण्डीदीप में बिल भुगतान केन्द्र उक्त अवकाश के दिन भी सामान्य कार्य दिवस की तरह खुले रहेंगे। बिजली उपभोक्ता राजधानी के जोनल आफिस में पीओएस मशीन से कैश के जरिए बिल भुगतान तथा ऑनलाइन माध्यम से भी बिल भुगतान कर सकते हैं। कंपनी ने यह भी निर्देश दिए हैं कि कंपनी कार्यक्षेत्र के सभी 16 जिलों में बिजली वितरण केन्द्र/बिल भुगतान केन्द्र अवकाश के दिनों में खुले रहेंगे। इसके लिए सभी मैदानी महाप्रबंधकों को निर्देशित किया गया है।

### सीवन की सेवा करने ले रहे संकल्प

**सीहोर।** शहर की सीवन जो कि शहर एवं आसपास के लगे गांवों के लिए जीवन दायिनी है इसके पानी से नल-कूप,बोर, कुआं-बावड़ी आदि रिचार्ज होते हैं,सीवन का पूर्ण उद्धार का संकल्प लेकर सिद्धपुर सीवन उद्धार समिति के सदस्य विगत कई सालों से सीवन का मुद्दा उठाते आए है, जिसके परिणाम स्वरूप 2024 एवं 2025 में नगर पालिका परिषद,सीहोर ने गहरीकरण का काम करवाया है, लेकिन अभी भी बहुत काम बाकी है, नदी पूर्ण रूप में स्वच्छ है लोग कचरा एवं पूजन सामग्री का सामान लगातार सीहोर में प्रवाहित कर रहे है। जबकि पूजन सामग्री का वाहन में रखा गया है, माँ सीवन से पुत्र का रिश्ता कायम करवाने हेतु मैं पुत्र सीवन का अभियान चल रहा है, जिसके तहत संकल्प दिलाया जाता है कि जिस तरह से जन्म देने वाली मां की हम देखमाल एवं सेवा करते है उसी प्रकार से हम जीवन दायिनी माँ सीवन का ध्यान रखेंगे,न हम अस्वच्छ करेंगे न किसी को अस्वच्छ करने देंगे। लोग बढ़चढकर इस अभियान से जुड़ रहे है, आम लोग चाहते है कि इस साल भी पूर्व सालों की तरह जिला प्रशासन एवं नगर पालिका परिषद, सीहोर गहरीकरण, सौंदर्यकरण एवं स्वच्छता के लिए आगे आए। इस अभियान से प्रदीप चावड़ा, महिपाल जैन, अश्विन नामदेव, कैलाश चव्हाण, आकाश माथुर, शुभम चौरसिया, जितेंद्र राठौर, हिमालय गोहिया, सेवा यादव, ज़ोरावर सिंह, दिनेश कुमार शर्मा, विजेंद्र जायसवाल, मनोज कन्नौजिया, आलेख राठौर, परम संधु, सुमित ताम्रकार, महेंद्र वर्मा आदि भूमिका निभा रहे हैं।

विधायक ने किया नवाचार, महिला भजन मंडलियों की कराई भजन प्रतियोगिता

## लाडली बहनों को मिलने वाली 1500 की सम्मान निधि बढ़ाकर सरकार करेगी तीन हजार: गोपालसिंह इंजीनियर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी



31 मंडलों की 400 लाडली बाहनों ने प्रतियोगिता में लिया भागमां वैष्णवी सांस्कृतिक महिला संगठन ने किया शानदार आयोजन। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर क्षेत्र में लगातार कार्यक्रमो के माध्यम से नवाचार करते हुए सक्रिय रहते है । इस बार विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने आष्टा विधानसभा क्षेत्र के सभी आठो मंडलो में नवाचार कार्यक्रम के तहत सभी मंदिरों की महिला भजन मंडलियों की भजन प्रतियोगिता का एक अनूठे आयोजन की शुरुआत की है । भाजपा द्वारा महिला सशक्तिकरण एवं नारी सम्मान को लेकर चलाये जा रहे अनेकों कार्यक्रमो,कार्यो की कड़ी में एक नये ओर अनूठे कार्यक्रम के आयोजन की शुरुआत आष्टा क्षेत्र से हुई है,उक्त कड़ी में रविवार को श्री राम मंदिर मांगलिक भवन कोठरी में माँ वैष्णवी सांस्कृतिक महिला संगठन आष्टा द्वारा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर के मार्गदर्शन एवं मुख्य आतिथ्य में विधानसभा स्तरीय महिला भजन गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, विशेष अतिथि नप कोठरी की अध्यक्ष नगीना राधेश्याम दलपति,कोठरी भाजपा मंडल अध्यक्ष देवजी पटेल, पूर्व अध्यक्ष रूपेश पटेल,पूर्व जिला मीडिया प्रभारी सुशील संचेती, गवाखेड़ा सरपंच धर्मेंद्र सिंह ठाकुर, मां वैष्णवी संगठन की अध्यक्ष मोना राजेश मेवाडा, महिला मोर्चा अध्यक्ष कांता कैलाश पटेल, संयोजक रामश्री वादी, व्यवस्थापक प्रवेश शर्मा, समिति के सदस्य राजेश मेवाडा,वर्षा धारवा,पिंकी शर्मा,अमिता विश्वकर्मा की उपस्तिथि में ज्ञान की देवी माँ सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर भजन प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा की केंद्र और राज्य की सरकार मिल कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी के नेतृत्व में लगातार महिला सशक्तिकरण एवं नारी सम्मान को लेकर कार्य कर रही है और हर क्षेत्र में महिलाओं को आगे लाया जा रहा है। मप्र में हमारे पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने जो लाडली बहना योजना शुरू की थी, जिसमे शुरुआत में बहनाओ के खाते में एक हजार हर माह सम्मान निधि डालना शुरू किया जिसे डॉ मोहन यादव जी ने बढ़ा कर 15 सौ कर दिये है,ओर आगे इसे बढ़ा कर 3 हजार किये जाएंगे।

रआप सब लाडली बहनों का आशीर्वाद मेरे साथ है। आज जो बहनों की भजन मंडलिया आई है वे अभी तक मंदिरों में बारत्योहार पर भजन करती है,आज आपको मंच उपलब्ध कराने के पीछे जो उद्देश्य है वो ये की आप आगे आये और नेतृत्व करे। नवाचार के तहत आज जो यह एक अनूठा आयोजन भजन प्रतियोगिता का आयोजित किया गया है इसके पीछे जो प्रमुख उदेश्य है वह मध्य प्रदेश कि हमारी भारतीय जनता पार्टी की सरकार के मुखिया डॉक्टर मोहन यादव की यही सोच एवं यही उद्देश्य है की हमारी सभी लाडली बहनाओ का हर क्षेत्र में उनका मान सम्मान बड़े। ग्रामीण क्षेत्रों में गायन के क्षेत्र में जो प्रतिभाएं छुपी हुई है जिन्हें कभी मंच प्राप्त नहीं होता है, ऐसी महिलाओं को इस तरह की प्रतियोगिताओं के माध्यम से मंच प्राप्त हो। उनका हर क्षेत्र में मान सम्मान बड़े। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने सभी लाडली बहनाओं को संबोधित करते हुए घोषणा की, की यह प्रतियोगिता ऐसा नहीं है कि इसी साल होगी इस तरह की प्रतियोगिता हर साल लाडली बहनाओ के लिए पूरी विधानसभा क्षेत्र के सभी आठो मंडलों में आयोजित करूंगा तथा हर वर्ष रक्षाबंधन पर भी आठो मंडलों में लाडली बहनाओ से रक्षा सूत्र बंधवाने आपका भाई आपके बीच आएगा। आपके मान सम्मान,आपकी रक्षा सुरक्षा के लिए आपका भाई विधायक हमेशा आपके लिए तत्पर है। विधायक ने कहा की आज केंद्र में नरेंद्र मोदी जी की सरकार एवं प्रदेश में डॉक्टर मोहन यादव जी की सरकार महिला सशक्तिकरण एवं नारी सम्मान को लेकर अत्यधिक गंभीर और सक्रिय है। महिलाओं के उत्थान, उनके विकास उनके मान सम्मान सुरक्षा को लेकर हमारी ट्रिपल इंजन की सरकार अनेको कार्य कर रही है, तथा कई योजनाएं भी प्रारम्भ की है, जिसका लाभ आपको प्राप्त हो रहा है । आज जिले में जिला पंचायत से लेकर नगर पालिका,नगर परिषद,जनपद पंचायत में अध्यक्ष पद पर महिलाए ही आसीन है ये महिला सशक्तिकरण का सबसे बड़ा उदाहरण है । मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराजसिंह जी चौहान ने जब घरों में बेटी का पैदा होना अभिशाप माना जाता था इसको खत्म करने के लिए तथा बेटियों को इस संसार में आने के लिए उन्होंने लाड़ली लक्ष्मी योजना शुरू की।

आज घरों में जब बेटी पैदा होती है तो खुशियां मनाई जाती है तथा वह पैदा होते ही लाडली लक्ष्मी लखपति लाडली बिटिया बन जाती है । इसी तरह पूर्व मुख्यमंत्री जी ने जो लाडली बहन योजना प्रारंभ की थी आज हमारे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव उसे योजना को और अधिक आगे बढ़ते हुए पूर्व में जो 1000 रुपए की राशि सम्मान निधि के रूप में बहनों के खाते में भेजी जाती थी। आज मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने वह राशि बढ़कर 1500 रुपए प्रतिमाह हो गई है। हमारे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने घोषणा कि है की अब इसे हम धीरे-धीरे बढ़कर 3000 रुपए तक लेकर जाएंगे।

पेयजल के मुद्दे पर नगर सरकार को घेरा

## नगर परिषद के सामने कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दिया धरना



हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

नगर परिषद कार्यालय के सामने सोमवार को जिला कांग्रेस एवं ब्लॉक कांग्रेस के तत्वावधान में पेयजल आपूर्ति और पचलाना रोड स्थित निजी बावड़ी में कुत्ते की मौत के मामले को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस नेताओं ने नगर परिषद पर लापरवाही और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने में विफल रहने के आरोप लगाए। धरना को संबोधित करते हुए आगर के पूर्व विधायक विपिन वानखेड़े ने कहा कि नगर में पेयजल, स्वच्छता और अन्य आवश्यक सुविधाओं की स्थिति चिंताजनक है। प्रशासन गंभीर मुद्दे पर समय रहते ध्यान नहीं दे रहा है जिससे नागरिक परेशान हैं। वहीं जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजयलक्ष्मी तंवर ने कहा कि जनता को शुद्ध जल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। धरना प्रदर्शन के बाद कांग्रेस पदाधिकारीयों ने पेयजल आपूर्ति व्यवस्था गंदगी और अधिकारियों और कार्रवाई को लेकर मुख्यमंत्री के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नितिन पालीवाल, नगर परिषद उपाध्यक्ष राजेश डीलर,मोहनलाल,गौरी शंकर सूर्यवंशी,कैलाश मालवीय आदि नेताओं ने नगर सरकार की कार्य प्रणाली पर सवाल उठाते हुए संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की। धरना प्रदर्शन के दौरान नगर परिषद कार्यालय के सामने कांग्रेस कार्यकर्ता डटे रहे वहीं नगर परिषद कार्यालय परिसर के भीतर भाजपा के स्थानीय नेता और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बाबूलाल बिजापारी सहित नगर के भाजपा कार्यकर्ताओं ने बताया कि कांग्रेस का धरना प्रदर्शन पूरी तरह विफल रहा। नगर में नागरिकों को शुद्ध पेयजल मिल रहा है। बावड़ी में कुत्ते गिरने का सवाल है उसमें कुछ राजनीतिक कारण है जिसकी रिपोर्ट भी पुलिस थाना कानड़ में की गई है इसकी जांच चल रही है।

### हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल : मुस्लिम समाज ने होली मिलन समारोह का किया आयोजन



**कानड़।** नगर के ग्राम शिवगढ़ में होली पर्व पर हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल देखने को मिली। रमजान महीने में मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जहां पर एक दूसरे के चेहरे पर रंग गुलाल लगाया और सभी हिंदू भाइयों का मुस्लिम समाज द्वारा पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया। होली के शुभ अवसर पर नंदकिशोर शर्मा, सचिव मनीष शर्मा, हाफिज साजिद खान, करीम खान, रफीक खा, शेर खान, शाकिर खां चांद खां, आंनद शर्मा आदि द्वारा रमजान माह और होली पर्व पर हिंदू मुस्लिम भाईचारे का उदाहरण देते हुए एक दूसरे को पर्व की बधाई दी।

## शाम को महिलाओं ने की होली की पूजा, सुबह हुआ होलिका दहन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

सोमवार की रात्रि को नगर के विभिन्न चौराहों, मोहल्लों में होलिका की महिलाओं द्वारा पूजन अर्चन की गई, उसके बाद मंगलवार को अल सुबह होलिका का दहन हुआ। सुबह से ही रंग पिचकारियों की दुकानें सज कर तैयार थीं, जहां सुबह से ही रंग पिचकारी खरीदने वालों की भीड़ नजर आई।



### नगर में जली कंडों की होली

नगर के विभिन्न चौराहों पर होली उत्सव समिति द्वारा पर्यावरण को बचाने का संदेश देते हुए इस वर्ष कंडो की होली बनाई गई। कंडों से बनी होलिकाओं को आकर्षक रूप से डेकोरेशन किया गया था। नेताजी कॉलोनी चौराहे पर और नगर के बजरंग मोहल्ला स्थित होली समिति द्वारा युवाओं द्वारा होली की सजावट आकर्षण का केंद्र रही जहां लाइट डेकोरेशन के साथ साथ बलून डेकोरेशन भी किया गया था।



### 94 बालिकाओं को लगाई गई एचपीवी की वैक्सीन

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय ह्यूमन पैपिलोमा वायरस टीकाकरण कार्यक्रम के तहत 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं का टीकाकरण किया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि सीहोर जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में भी एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम के तहत बालिकाओं को एचपीवी की वैक्सीन लगाई जा रही है। उन्होंने बताया कि 02 मार्च को जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में जिले की 94 बालिकाओं को एचपीवी की वैक्सीन लगाई गई। सीएमएचओ डॉ सुधीर डेहरिया ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर भारत में महिलाओं में होने वाला दूसरा सबसे जानलेवा कैंसर है। इस गंभीर बीमारी की रोकथाम के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा यह राष्ट्रव्यापी एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान प्रारंभ किया गया है।

## नंदीश्वर द्वीप महामंडल विधान और विश्व शांति महायज्ञ में श्रध्दालुओं ने अर्घ्य किए समर्पित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर मे अष्टानहिका का महापर्व के पावन अवसर पर समाधिस्थ आचार्य विद्यासागर महाराज वर्तमान आचार्य समय सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री 108 अक्षय सागर जी महाराज एवं नवाचार मुनि श्री उपसम सागर महाराज की असीम कृपा और आशीर्वाद से 24 फरवरी से 4 मार्च तक सात दिवसीय सिद्धपुर की नगरी में सिद्धों की आराधना करते हुए नंदीश्वर द्वीप महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी ट्रस्ट समिति के तत्वावधान मे सकल जैन समाज द्वारा आयोजित धार्मिक अनुष्ठान के छठवें दिवस श्रावक श्राविकाओ ने भक्ति भाव से 6 महा अर्घ समर्पित कर सिध्दो की आराधना कर धर्म लाभ अर्जित किया । जिसमें सकल समाज ने अपने पुण्य को उदय करते हुए शुभारंभ किया। जिसमें बहुत से लोगों ने अपनी चंचल लक्ष्मी का उपयोग करते हुए अभिषेक शांतिधारा करने का सौभाग्य जितेन्द्र कुमार बदामीलाल जैन लिलेहरिया एवं दीपक कुमार दीपाशुं गोलू जैन लिलेहरिया परिवार को प्राप्त हुआ। प



प्रतिदिन सुबह 6:30 बजे से मंगलाष्टक और अभिषेक शांतिधारा नित्य नियम पूजन अर्चना नंदीश्वर द्वीप महामंडल विधान पंडित कपिल जैन के निर्देशन मे श्रध्दालुओ ने भक्ति भाव धार्मिक अनुष्ठान कर रहे है। दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी ट्रस्ट समिति अध्यक्ष अजय जैन ने समस्त श्रध्दालुओ से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या मे पुनीत धार्मिक अनुष्ठान मे उपस्थित होकर धर्म लाभ अर्जित करे।

महादेव की होली में केवल गुलाल और फूल का होगा प्रयोग

## पांच मार्च को उत्साह के साथ मनाई जाएगी महादेव की होली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

दुनिया में भारत अपने त्योहारों के लिए एक अलग पहचान रखता है, यूं तो हर त्योहार प्रेम और सद्भावना से जुड़े हैं। महादेव की होली अब शहर ही नहीं पूरे देश की पहचान बन गई है। हर साल की तरह इस साल भी अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के सानिध्य में काशी, मथुरा और बरसाने की तर्ज पर होगी सीहोर में महादेव की होली, इसकी तैयारियां पूरे शहर में की जा रही है। शहर 5 मार्च को भक्ति और आस्था के अनुपम रंग में रंगने जा रहा है। महादेव की होली इसलिए खास है कि महादेव की होली में केवल गुलाल और फूल का प्रयोग किया जाता है। महादेव की होली में पानी डालना या पानी में घोला गया रंग डालना वर्जित है। क्योंकि शिव भक्त दूर-दूर से आते हे जिनको वापस घर जाने पर दिक्कत होती है इसलिए पानी का प्रयोग वर्जित रहता है। केवल गुलाल और फुल ही प्रयोग किए जाते है। महादेव की होली शिव और गुरु के साथ खेली जाने वाली होली हे जो ये बताती हे की बड़ो के पास बैठोगे तो जीवन खुशियों के रंग से भर जाएगा। महादेव की होली शिव मंदिर से प्रारम्भ होकर शिव मंदिर पर ही विराम होती है। महादेव की होली सिद्धपुर नगर सीहोर का गौरव हे जिसका इंतजार महिला पुरुष बच्चे बूड़े सब को रहता है। महादेव की होली शिव की होली हे पूज्य गुरुदेव बताते है कि केवल शिव ही एक ऐसे है जिनका रंग चड गया तो फिर उतरता नहीं हे बाबा खुशियों के रंग से जीवन को भर देते है। महादेव की होली गुरु के साथ पांच शिव मंदिर में होने वाली होली है। होली का पर्व शहरवासियों का है, इसमें छावनी, मंडी, गंज, कस्बा सहित अन्य के क्षेत्रवासी आस्था के साथ महादेव की होली खेलते है।


### एक लोटा केसरिया रंग करें समर्पित

इस संबंध में संस्कार मंच के मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि गुरुदेव भागवत भूषण पं. प्रदीप मिश्रा के संदेश के अनुसार होली का एक अपना ही आनंद है। इस वर्ष पूरे देश के साथ शहर में भी महोदव की होली आस्था और उत्साह के साथ मनाई जाएगी। गुरुदेव के संदेश के अनुसार प्रत्येक शिव मंदिर में मातृ शक्ति के अलावा सभी श्रद्धालु भगवान शिव की विशेष पूजा अर्चना करेंगे। इसके साथ केसरिया रंग एक लोटे में भरकर भगवान को समर्पण करेंगे और उसके बाद पूरे उत्साह के साथ होली का पर्व मनाया जाएगा। धरती पुत्र भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि उत्साह पूरी शांति के साथ मनाए। महादेव की होली में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं पर सिर्फ गुलाल और फूलों से उनका स्वागत करे। महादेव की दिव्य होली केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि आध्यात्मिक जागरण का पर्व है। ब्रज की होली की तरह ही अब सीहोर की महादेव होली भी देशभर में अपनी विशिष्ट पहचान बना रही है। यह आयोजन अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के संदेश और मार्गदर्शन में संपन्न होगा। पंडित मिश्रा के आह्वान के बाद देशभर से श्रद्धालु इस पावन उत्सव में शामिल होने के लिए उत्साहित हैं। 5 मार्च को सुबह 9 बजे छावनी स्थित चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर से होली की शुरुआत होगी। यहां केसरिया रंग और गुलाल से महादेव के साथ होली खेली जाएगी। इसके बाद शहर के अन्य मंदिर गुप्तेश्वर महादेव, पिपलेश्वर महादेव, नर्मदेश्वर महादेव होते हुए मनकामेश्वर महादेव मंदिर पहुंचेगी। शिव भजनों, ढोल-नगाड़ों और हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजती रहेगी। मनकामेश्वर मंदिर पहुंचकर विशेष आरती के साथ आयोजन का समापन होगा। पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि दुनिया ब्रज की होली देखती है, लेकिन महादेव होली का दर्शन कर आस्था के नए आयाम को अनुभव करने का अवसर है।



## वेटलिफ्टिर पाराशर हरियाणा में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे


हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



आगामी 14 मार्च से हरियाणा के लोहारू में खेली जाने वाली मास्टर्स वेटलिफ्टिंग राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करने के लिए 66 वर्षीय वेट लिफ्टिर मोहन पाराशर ने तैयारियां शुरू कर दी है। इस संबंध में जानकारी देते हुए श्री पाराशर ने बताया कि राष्ट्रीय प्रतियोगिता में लगातार 5 वर्षों से स्वर्ण पदक जीत आ रहे है और उन्होंने भरोसा दिलाया है कि इस वर्ष भी वह शानदार प्रदर्शन कर देश में अपने प्रदेश और क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे और 65 से 69 आयु वर्ग में एवं 85 किलो भार वर्ग में मध्य प्रदेश को पदक दिलाने का प्रयास करेंगे इससे पहले तीन बार विश्व स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त कर चुके हैं एवं दो स्वर्ण पदक कॉमनवेल्थ में एवं एक स्वर्ण पदक एशियन गेम्स में प्राप्त कर चुके हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने 12 मार्च को भोपाल से दिल्ली एवं दिल्ली से लोहारू के लिए प्रस्थान करेंगे। 66 वर्षीय मोहन पाराशर का कहना है जब तक जीवित हूं देश को पदक दिलाने का प्रयास करता रहूंगा। मात्र 13 साल की उम्र में जिला स्तर से अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक गोल्ड हासिल करने वाले 66 वर्षीय वेट लिफ्टिर मोहन पाराशर ने ग्राम बिलकिसगंज का नाम विश्व पटल में रोशन किया है। आज भी युवाओं जैसा शानदार प्रदर्शन करने वाले पाराशर आगामी दिनों में हरियाणा में होने वाली राष्ट्रीय वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता के लिए रवाना होंगे।

**खबर संक्षेप**

### घट्टियाभाना और चौबाराजागीर में मेघनाथ मेले का अद्भुत नजारा



**भौरासा।** समीपस्थ ग्राम चौबारा जागीर और घट्टियाभाना में धुलेंडी के अवसर पर परंपरागत मेघनाथ मेला श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस मेले का मुख्य आकर्षण 42 फीट ऊंचे खंभे पर घूमने वाले गल महाराज रहे, जिन्हें देखने के लिए दूर-दूर से हजारों लोग पहुंचे।मेले की शुरुआत में गल घूमने वाले पड़ियार का गांव में ढोल-ढमाकों के साथ जुलूस निकाला गया। ग्रामीणों ने पड़ियार का तिलक लगाकर स्वागत किया और अपनी श्रद्धानुसार भेंट-पूजा अर्पित की। इसके बाद वह पल आया जिसका लोगों को बेसब्री से इंतजार रहता है।ग्राम घट्टियाभाना और चौबारा जागीर में करीब 42 फीट ऊंचे खंभे (लाट) पर नाल समाज के पड़ियार को चढ़ाया गया। ऊंचाई पर पहुंचने के बाद पड़ियार को चारपाई पर लिटाकर उनकी पीठ में रीढ़ की हड्डी के ऊपर चमड़ी में लोहे के दो हुक डाले गए। इन हुकों में रस्सी बांधकर खंभे के ऊपर रखी लकड़ी से जोड़ दिया गया और फिर रस्सी के सहारे पड़ियार को गोल-गोल घुमाया गया। इस दौरान पड़ियार गल महाराज के स्वरूप में पूरे मेले में घूमते नजर आए।इस अद्भुत और रोमांचक दृश्य को देखने के लिए मेले में हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। देवस्थान और मेला परिसर में उपस्थित लोगों ने "मेघनाथ महाराज की जय" के जयघोष से वातावरण को गुंजायमान कर दिया। गल घुमाने की रस्म पूरी होने के बाद नाल समाज के पड़ियार और उनके साथियों का ग्रामवासियों और मेला समिति द्वारा साफा पहनाकर सम्मान किया गया तथा भेंट-पूजा अर्पित की गई। यह परंपरा गांव के लोगों द्वारा वर्षों से श्रद्धा और आस्था के साथ निभाई जा रही है।

## परंपरा के साथ मनाया गया होली पर्व, महिलाओं ने होलिका पूजन कर सुख-समृद्धि की कामना

# चंद्रग्रहण के दौरान मंदिरों के पट रहे बंद, जिले के कुछ हिस्सों में निकली पारंपरिक गैर, गमी परिवारों के यहां डाला रंग-गुलाल





### चंद्र ग्रहण के कारण होली का त्योहार हुआ प्रभावित, बच्चों ने खेली जमकर होली।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

वर्ष 2026 का पहला चंद्रग्रहण मंगलवार दोपहर 3.21 बजे शुरू होकर शाम 6.47 बजे तक रहा। देवास में भी आंशिक चंद्रग्रहण देखा गया। माता टेकरी और चंद्रग्रहण का चित्र सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। सूतक खत्म होने के बाद मंदिरों के पट खोले गए और पूजा अर्चना शुरू की गई। चंद्रग्रहण के कारण होली का त्यौहार भी प्रभावित रहा। मंगलवार को बच्चों ने ही होली का मनाया। जिले के कुछ हिस्सों में पारम्परिक गैर निकाली गई। सोमवार देर रात होलिका दहन के बाद मंगलवार सुबह शहरवासियों ने होली की शुभकामनाएं दी और चंद्र ग्रहण के कारण बुधवार को होली बनाने का निर्णय लिया।





### सर्व समाज की गैर निकली

**चापड़ा।** होली पर्व के अवसर पर नगर चापड़ा के विभिन्न होलिका दहन स्थलों पर विशेष साज-सज्जा की गई। मुख्य होलिका दहन स्थल सहित श्यामनगर क्षेत्र में गोबर के उपले और भरगुलों से पारंपरिक रूप से होलिका का आकार तैयार किया गया। परंपरा अनुसार सोमवार रात्रि को सबसे पहले नगर पटेल परिवार द्वारा होलिका पूजन किया गया। इसके बाद बड़ी संख्या में महिलाओं ने होलिका का पूजन कर परिवार एवं नगर की सुख-समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। महिलाओं ने होलिका में नारियल और कपूर अर्पित कर विधि-विधान से पूजा अर्चना की। होलिका दहन स्थलों पर बालिकाएं भी परंपरा के अनुसार गोबर के भरगोले लेकर पहुंचीं। मंगलवार सुबह नगर पटेल घीसाजी पटेल ने होलिका का पूजन किया, जिसके बाद होलिका दहन किया गया। दहन के बाद सुबह चार बजे से ही नगरवासी होलिका तापने और पूजन करने के लिए स्थल पर पहुंचने लगे। नगर पटेल के घर से सर्व समाज की पारंपरिक गैर प्रारंभ हुई, जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए। यह गैर नगर के 25 से अधिक गमी (शोकग्रस्त) परिवारों के यहां पहुंची, जहां सभी ने रंग-गुलाल डालकर संवेदना प्रकट करने की परंपरा निभाई। गैर के दौरान फागुन गीत गाने वाली टोली सबसे आगे चल रही थी। टोली के सदस्य फागुन गीत गाते और नाचते हुए आगे बढ़ रहे थे, जिसके पीछे नगरवासी उत्साह के साथ शामिल हुए। गणेश पटेल, डॉ. जे.सी. यादव और राजेश दुग्गड़ ने बताया कि यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है। क्षेत्र में चापड़ा ऐसा एकमात्र नगर है, जहां सर्व समाज के लोग बड़ी संख्या में गैर में शामिल होते हैं। सभी गमी परिवारों के यहां रंग-गुलाल डालने के बाद गैर पुनः होलिका दहन स्थल पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। इस दौरान लोगों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। नगर में वर्षभर में जिन लोगों का निधन होता है, उनकी सूची तैयार की जाती है। धुलंडी के दिन उसी सूची के आधार पर गैर गमी परिवारों के यहां पहुंचती है। रमेश मालवीय (फूल वाले) पूरे वर्ष में होने वाले निधन की जानकारी नाम और तारीख सहित डायरी में दर्ज करते हैं और धुलंडी से एक दिन पहले सूची तैयार की जाती है। इस वर्ष चापड़ा नगर में 27 महिला-पुरुषों का निधन हुआ है, जबकि श्यामनगर क्षेत्र के निधन इस सूची में शामिल नहीं हैं। नगर में 4 मार्च बुधवार को दो दिवसीय मेले का आयोजन भी होगा। इस दौरान शाम 6 बजे पंचायत भवन के सामने गल महाज घुमाए जाएंगे, जिसके बाद मेले की शुरुआत होगी।

### शुभ मुहूर्त में हुआ होलिका दहन

**भौरासा।** नगर में हिंदू समाज द्वारा दीपावली के बाद सबसे बड़े पर्व होली को उत्साह और परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। पूर्णिमा के अवसर पर नगर के विभिन्न स्थानों पर होलिका सजाई गई। इस वर्ष चंद्र ग्रहण के कारण निर्धारित शुभ मुहूर्त के अनुसार होलिका दहन किया गया। रात्रि में महिलाओं और बच्चों ने जगह-जगह होलिका का पूजन किया, वहीं सुबह भी विधि-विधान के साथ पूजन और दहन की परंपरा निभाई गई। होली के अवसर पर उबिया भी सुबह से सेकी गई। नगर के लोधी मोहल्ला, बस स्टैंड, छोटा हनुमान चौक, टंकी चौराहा, नरसिंह चौक, कुमावत मोहल्ला, माली मोहल्ला, मालवीय मोहल्ला और शहीद नगर सहित कई चौराहों पर होलिका पूजन किया गया। सुबह लगभग 5:31 बजे नरसिंह मंदिर चौक पर नगर पुरोहित संजय जोशी, मनोज जोशी और नगर वसूली पटेल जसवंत सिंह राजपूत द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना कर होलिका दहन किया गया। इस अवसर पर जीवन सिंह ठाकुर, शेखर ठाकुर, कैलाश सिंह ठाकुर, हेमेंद्र सिंह ठाकुर, रमेश ठाकुर, धर्मेंद्र ठाकुर, ओमप्रकाश जायसवाल, शैलेंद्र ठाकुर, भादर सिंह ठाकुर, धीरेंद्र ठाकुर, जगदीश पांचाल, भुरू दरबार, मुकम सिंह ठाकुर सहित नगर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। वहीं थाना प्रभारी अनीता सिंह सहित पुलिस स्टाफ भी मौजूद रहा। होलिका दहन के बाद सुबह नगर में ढोल-ढमाकों के साथ पारंपरिक गेर भी निकाली गई। गेर नगर के विभिन्न क्षेत्रों में घूमते हुए उन परिवारों के घर पहुंची जहां हाल ही में गमी हुई है और वहां रंग-गुलाल डालकर सामाजिक परंपरा का निर्वाह किया गया। साथ ही लोगों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।

# त्यौहार से पहले कर्मचारियों को मिली राहत, सफाई कर्मचारी महासंघ ने आयुक्त का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

नगर निगम में त्योहार से पूर्व कर्मचारियों के एरियर की राशि दिलाए जाने पर हर्ष का वातावरण रहा। नगर निगम आयुक्त द्वारा कर्मचारियों की लंबित एरियर राशि त्योहार से पहले दिलवाए जाने पर राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी महासंघ ने आभार व्यक्त किया।



महासंघ के शहर अध्यक्ष शंकर सांगते के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने आयुक्त दलीप कुमार से भेंटकर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया तथा पूरे नगर निगम परिवार की ओर से होली की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस अवसर पर कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं से भी आयुक्त को अवगत कराया गया। आयुक्त कुमार ने सकारात्मक आश्वासन देते हुए कहा कि कर्मचारियों की सभी समस्याओं का चरणबद्ध तरीके से निराकरण किया जाएगा। इस दौरान जिलाध्यक्ष विशाल धोलपुरे, अनिल टांक, राजेश सांगते, ओमप्रकाश फतरोड, रितेश सांगते, अमर सांगते, नितिन खत्री, शिव खत्री, नितेश सांगते, महेश बिरगड़े, राज सांगते, अन्नू सांगते, संदीप सांगते, कृष्णा भैरवे, अंकित सांगते, संजू भैरवे, शोहेब खान, विजय खत्री सहित बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

# युवा कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष की गिरफ्तारी का किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

पिछले दिनों एआई इंपैक्ट समिट में युवा कांग्रेस कार्यकर्ता द्वारा किए गए प्रदर्शन के दौरान पुलिस के द्वारा युवा कांग्रेस के 10 से अधिक कार्यकर्ताओं समेत युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब जी को भी गिरफ्तार किया गया जिन्हें आज तक रिहा नहीं किया गया। इसी को लेकर युवा कांग्रेस द्वारा दिल्ली में राष्ट्रीय मुख्यालय पर आंदोलन किया जा रहा है, जिसमें देवास से प्रदेश युवा कांग्रेस संस्कृति प्रकोष्ट के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष विश्वजीत चौहान ने अपने साथियों के साथ भाग लिया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए विश्वजीत सिंह चौहान ने कहा कि युवा कांग्रेस का कार्यकर्ता डरेगा नहीं ना ही झुकेगा। हम जब तक आंदोलन करते रहेंगे तब तक हमारे अध्यक्ष और हमारे साथियों की रिहाई नहीं हो जाती है। इसी के साथ चौहान ने कहा कि मोदी सरकार ने राष्ट्रपति ट्रंप के दबाव में आकर ट्रेड ड्रिल की है जिस से देश का किसान पूरी तरह बर्बाद हो जाएगा। आज हमारा मध्य प्रदेश सोयाबीन उत्पादन में देश में प्रथम स्थान पर है अगर यह डील हो जाती है तो सोयाबीन के भाव में भारी कमी आ जाएगी। यह सरासर किसानों और देश के लोगों के साथ अन्याय है। इसी के साथ चौहान ने कहा कि युवा कांग्रेस ने जो आंदोलन किया वह कोई गलत नहीं किया। आंदोलन में अनेक प्रदेश के वरिष्ठ,युवा कांग्रेस नेता एवं महिला उपस्थित थे।



## जिला जेल देवास में अधिकारी-कर्मचारी केंटीन संस्था का शुभारंभ

# महानिदेशक जेल वरूण कपूर ने फीता काटकर किया उद्‌घाटन





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिला जेल में जिला जेल अधिकारी/कर्मचारी केंटीन संस्था मर्यादित, देवास का उद्‌घाटन समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरूण कपूर, महानिदेशक जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं, म.प्र. भोपाल रहे। उनके साथ मनोज साहू, जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल उज्जैन भी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि का स्वागत जेल अधीक्षक विद्याभूषण प्रसाद एवं उपअधीक्षक अनिल दुबे द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। तत्पश्चात महानिदेशक ने फीता काटकर बंदी केंटीन का विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान महिला एवं पुरुष बंदियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिनकी मुख्य अतिथि ने सराहना की। जेल अधीक्षक विद्याभूषण प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि केंटीन संस्था केवल सुविधा नहीं, बल्कि एक सकारात्मक सुधारात्मक पहल है। इसके माध्यम से बंदियों को दैनिक उपयोग की वस्तुए बिस्किट, नमकीन, सेव, टोस्ट, मिठाई, मौसमी फल, सलाद, पूजन सामग्री, सौंफ, सुपारी, लौंग, इलायची, आदि उपलब्ध कराया जाएगा। इसका उद्देश्य बंदियों के स्वास्थ्य संरक्षण एवं नशामुक्ति को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि जेल की आधारभूत सुविधाओं के उन्नयन हेतु विभिन्न प्राक्कलन जेल मुख्यालय भोपाल को स्वीकृति के लिए प्रेषित किए गए हैं। गौशाला में पशुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए नवीन शेड निर्माण तथा कर्मचारियों के जर्जर आवासों की मरम्मत एवं नए आवास निर्माण हेतु भी प्रस्ताव भेजे गए हैं। मुख्य अतिथि श्री वरूण कपूर ने अपने संबोधन में कहा कि जेल केवल दंड देने का स्थान नहीं, बल्कि सुधारगृह है, जहां शिक्षा, कौशल विकास, मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं एवं नैतिक-धार्मिक कार्यक्रमों के माध्यम से बंदियों को समाज की मुख्यधारा में पुनर्स्थापित किया जाता है। उन्होंने प्रहरी संवर्ग को पुलिस विभाग के समान 13 माह वेतन स्वीकृति, कर्मचारियों के आवासों के लिए राशि आवंटन तथा जिला जेल देवास द्वारा भेजे गए प्रस्तावों को स्वीकृति देने का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने जिला जेल देवास में निरुद्ध दंडित बंदियों को 15 दिवस के विशेष परिहार की घोषणा की। कार्यक्रम के अंत में महानिदेशक कपूर ने समस्त जेल स्टाफ, पत्रकारगण एवं बंदी भाई-बहनों को होली पर्व की शुभकामनाएं दीं तथा परेड की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन वैशाली भारद्वाज द्वारा किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एच.एन बाथम सहित जेल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# माता टेकरी पर होली खेलने पर लगे प्रतिबंध का विरोध, हिंदू संगठनों ने हटाया बोर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर की माता टेकरी पर होली खेलने पर लगाए गए प्रतिबंध को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। प्रशासन द्वारा टेकरी परिसर में बोर्ड लगाकर चेतावनी दी गई थी कि यहां होली खेलने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।इस प्रतिबंध के विरोध में विभिन्न हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता टेकरी पहुंचे और विरोध जताया। कार्यकर्ताओं ने प्रतिबंध से जुड़ा बोर्ड हटाते हुए कहा कि होली जैसा पवित्र और पारंपरिक त्योहार यदि मंदिर परिसर में नहीं मनाया जाएगा, तो फिर इसे कहां मनाया जाएगा। उन्होंने प्रशासन के इस फैसले को आस्था से जुड़ा विषय बताते हुए प्रतिबंध लगाने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की।




### पुजारी ने जताया विरोध

माता टेकरी मंदिर के पुजारी पंडित राजेंद्र पुजारी ने भी प्रशासन के निर्णय पर आपत्ति जताई। उन्होंने बताया कि टेकरी परिसर में बोर्ड लगाकर होली खेलने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई थी। उनका कहना है कि देवी-देवताओं की परंपरा से ही त्योहारों की शुरुआत हुई है, ऐसे में मंदिर परिसर में होली खेलने पर रोक लगाना उचित नहीं है।विरोध के दौरान श्रद्धालुओं और कार्यकर्ताओं ने मंदिर परिसर में होली खेलकर अपनी आस्था व्यक्त की। साथ ही प्रशासन से प्रतिबंध लगाने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग दोहराई।

## खबर संक्षेप

### तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को टक्कर, केस दर्ज

**ललितपुर।** थाना मड़ावरा अंतर्गत ग्राम बम्हौरीकला के पास एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक का हाथ टूट गया और उसकी चाची घायल हो गई। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना मदनपुर के ग्राम पहाड़ीकलां निवासी जयहिन्द सिंह पुत्र रामकुमार सिंह ने पुलिस को बताया कि वह 14 फरवरी 2026 को अपनी बाइक (यू.पी.94 ए.डी. 4782) से चाची क्रांति के साथ निजी काम के लिए मड़ावरा आ रहे थे। दोपहर करीब 12.30 बजे जैसे ही वह बम्हौरीकला के पास पहुँचे, सामने से आ रही एक हुंडई कार (एम.पी.04 सी.क्यू.4329) के चालक ने लापरवाही और तेज गति से वाहन चलाते हुए उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे के बाद दोनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मड़ावरा ले जाया गया। जयहिन्द की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। परिजनों ने उन्हें झांसी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां एक्स-रे में उनके बाएं हाथ की हड्डी टूटी पाई गई, जिसके बाद उनका ऑपरेशन किया गया। पीड़ित ने सोमवार को थाने पहुंचकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। जयहिन्द के अनुसार, उन्हें बाद में पता चला कि घटना के समय गाड़ी मुकेश रावत चला रहे थे। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### रास्ते से निकलने को लेकर दंपती पर हमला

**ललितपुर।** थाना मड़ावरा अंतर्गत ग्राम गोराकछया में रास्ते से गुजर रहे एक दंपती के साथ गांव के ही कुछ लोगों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। बीच-बचाव करने आए पीड़ित के पिता के साथ भी अभद्रता की और आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले में एक महिला समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम गोराकछया निवासी खुशीलाल पाल पुत्र अच्छेलाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार 2 मार्च को दोपहर 1 बजे वह अपनी पत्नी लाडकुंवर के साथ बाइक से मध्य प्रदेश के रामटोरिया जा रहा था। जैसे ही वे गांव में ही लम्पूके दरवाजे के सामने मुख्यमार्गपर पहुँचे, वहांपहलेसे मौजूद आरोपियों ने उन्हें रोक लिया। पीड़ित का आरोप है कि रोड पर खड़े महेशपुरा वारी पत्नी लम्पू, भरतऔर अनुरुद्ध पुत्रगण लम्पू ने बिना किसी कारण के उन्हें और उनकी पत्नी को गालियां देना शुरू कर दिया। विरोध करने पर आरोपियों ने उनके साथ जमकर मारपीट की, जिससे पति-पत्नी दोनों को शारीरिक चोटें आई हैं। चीख-पुकार सुनकर जब पीड़ित के पिता अच्छेलाल मौके पर पहुँचे और बीच-बचाव किया, तो आरोपियों ने उन्हें भी धमकाया और जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग निकले। मड़ावरा पुलिस ने पीड़ित खुशीलाल की शिकायत पर आरोपी महेशपुरा वारी, भरत और अनुरुद्ध के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### होली पर शराब की दुकानें रहेंगी बंद

**ललितपुर।** होली के त्यौहार के दौरान जिले में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। जिला मजिस्ट्रेट सत्य प्रकाश ने आदेश जारी करते हुए 4 मार्च 2026 को जनपद की सभी शराब और भांग की दुकानों को बंद रखने का निर्देश दिया है। जारी आदेश के अनुसार, आबकारी अधिनियम-1910 की धारा-59 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले की सभी देशी शराब, कम्पोजिट शॉप, मॉडल शॉप, भांग की फुटकर दुकानें और थोक अनुज्ञापन समेत बार को बंद रखा जाएगा। यह बंदी बुधवार, 4 मार्च को सुबह 10 बजे से शाम 5बजे तक प्रभावी रहेगी। जिला मजिस्ट्रेट ने स्पष्ट किया है कि इस बंदी के बदले अनुज्ञापियों (दुकान स्वामियों) को किसी भी प्रकार का प्रतिफल या मुआवजा देय नहीं होगा। पुलिस अधीक्षक और जिला आबकारी अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि वे क्षेत्र में भ्रमण कर यह सुनिश्चित करें कि निर्धारित समय के दौरान कहीं भी मादक पदार्थों की बिक्री न हो।

---

### फ्लाइट बंद होने की सूचना मिलने से कईयों को स्थगित करना पड़ा सफर

# श्योपुर से उमरा पर गए दर्जन भर से ज्यादा जायरीन सऊदी में फंसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

ईरान और अमेरिका युद्ध का असर सऊदी अरब में मुस्लिम समाज के प्रमुख तीर्थ स्थल मक्का मदीना में उमरा (मिनी हज) के लिए गए लोगों पर भी पड़ा है। इस समय लाखों लोग उमरा के वीजा पर सऊदी पहुंचे हैं जो फिलहाल फ्लाइट बंद हो जाने के कारण वही अटक गए हैं। श्योपुर से भी दर्जन भर से अधिक जायरीन दो शिफ्टों में अलग अलग समय मक्का मदीना की जियारत के लिए पहुंचे हैं जिनमें शहर की वार्ड नं 5 बालापुरा बस्ती में रहने वाले हाजी मोहम्मद इदरीश भी अपने परिवार सहित उमरा करने गए हैं। हाजी मोहम्मद इदरीश ने मक्का मदीना से अपनी यात्रा के फोटो सोशल मीडिया पर डालकर अपने शुभचिंतकों को रमजान की मुबारकबाद देते हुए सभी के लिए उमरा ओर हज करने की दुआ की है। इस दौरान उन्होंने फ्लाइट बंद होने की सूचना तो दी है लेकिन युद्ध के कारण न तो उनके चेहरे पर किसी तरह का तनाव दिखा ओर ना ही वह किसी से उन्हें एवं उनके परिवार को यात्रा के बीच से वापस बुलाने को कह रहे हैं। अलबत्ता वह भारत में रह रहे अपने रिश्तेदारों से यह जरूर कह रहे हैं कि वह ईद की नमाज़ मक्का मोअज्जिमा में पढ़कर घर वापसी करेंगे। उधर शुक्रवार को उमरा के लिए घर से रवाना हो चुके कुछ लोग भी युद्ध की सूचना मिलने पर वापस लौट आए। इसके अलावा आधा दर्जन के करीब जायरीन करीब 15 दिन पहले श्योपुर से उमरा पर गए हैं जिनका 20 दिन का टूर खत्म होने वाला है।

इस्लाम के पांच फर्ज़ में से हज पांचवां फर्ज है और यह हर उस मुसलमान के लिए जरूरी है जो साहिब हैसियत हो यानी हज करने के लिए आर्थिक तौर पर फिट हो जीवन में कम से कम एक बार हज जरूरी है पर कुछ लोग हज से पहले उमरा पर जाते हैं हालांकि उमरा में हज के फर्ज पूरे नहीं होते हैं फिर भी लोग मक्का मदीना के दीदार करने और वहां इबादत कर अधिक पुण्य अर्जित करने की उम्मीद में उमरा पर जाते हैं साथ ही उमरा करने से हज की प्रैक्टिस भी अच्छे से हो जाती है। इसलिए भी लोग हज से पहले उमरा पर जाना पसंद करते हैं। रमजान माह में उमरा करने वालों की संख्या मक्का मदीना में अधिक बढ़ जाती है इस समय लाखों लोग मक्का मदीना में उम्र के लिए पहुंचे हुए हैं मस्जिद खचाखच भरी हुई है हाजी मोहम्मद इदरीश भी अपने परिवार सहित उमरा पर गए हैं। कुल 6 लोग बालापुरा से उमरा पर पहुंचे हैं जो सोशल मीडिया पर अपने कुशल होने की सूचना और यात्रा के वीडियो फोटो तो डाल रहे हैं पर फ्लाइट बंद होने के कारण या युद्ध की विभीषिका का उनके चेहरे पर मलाल बिल्कुल दिखाई नहीं पड़ रही है वह सिर्फ अपना ध्यान उमरा के दौरान की जाने वाली इबादत में लगा रहे हैं।



#### घर से माला पहनकर निकला परिवार रास्ते से वापस लौटा

शुक्रवार को भी श्योपुर से कुछ लोग उमरा पर गए थे जिनमें हाफिज सुभान उनके पिता उनकी बीवी और दो बच्चे शामिल थे। रिश्तेदारों और शुभचिंतकों ने उन्हें माला पहनकर श्योपुर से रवाना कर दिया। निजी वाहनों के साथ वह सवाई माधोपुर के लिए निकल गए जहां से उनके ट्रेन रिजर्वेशन था लेकिन रास्ते में ही उन्हें एयरपोर्ट से फ्लाइट बंद होने का मैसेज आ गया जिसके बाद उन्हें अपनी यात्रा रोक कर वापस लौटना पड़ा।

#### हज पर मंडराए संकट के बादल

उधर ईरान अमेरिका युद्ध हो जाने से इस साल होने वाली हज यात्रा पर भी संकट गहरा गया है ज्ञात हो कि ईरान, इजरायल पर मिसाइल हमला करने के साथ-साथ अरब देशों के उन ठिकानों पर भी हमले कर चुका है जहां अमेरिका ने अपने अड्डे बनाए हुए हैं। ऐसी स्थिति में पूरे अरब देशों ने अपने देशों को नो फ्लाइट जोन में डाल दिया है। अरब के आसमान में किसी भी तरह की हवाई उड़ान प्रतिबंधित होने से यात्री विमानों के पहिए भी थम गए हैं। अगर यह युद्ध लंबा चला तो फिलहाल फ्लाइट खोले जाने की उम्मीद कम है जिसके चलते हज यात्रा 2026 पर भी संकट पड़ता दिखाई दे रहा है। श्योपुर जिले से 43 लोगों को इस बार केंद्रीय हज कमेटी ने हज पर जाने का मौका दिया है सभी के वीजा आ चुके हैं। इन 43 यात्रियों में से 30 मुंबई एयरपोर्ट से व 10 जयपुर से मक्का मदीना के लिए उड़ान भरेंगे मई महीने में होने वाली इस उड़ान ओर हज को लेकर हज कमेटी भी श्योर नहीं है। हज होगा या नहीं फिलहाल इसके ही लगाए जा रहे हैं।

#### इनका कहना

मैं भी अपनी पत्नी के साथ हज पर जा रहा हूं परिवार में खासा उल्लास है रिश्तेदारों से मिलने जुलने का कार्यक्रम जारी है पर जिस तरह से युद्ध के कारण फ्लाइट बंद की गई है उससे संशय में हैं कि हज पर जा पाएंगे या नहीं।

हाफिज शहजाद
निवासी किला बगीची बस्ती श्योपुर

---

### परिवार को पीटा, मोबाइल भी तोड़ा

# उधारी के गुटखे से मना करने पर दुकानदार पर किया हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

कोतवाली क्षेत्र के निकटवर्ती ग्राम में एक मामला सामने आया है, जहां उधारी में गुटखा न देने पर एक युवक ने दुकानदार, उसके पिता और भाई के साथ जमकर मारपीट की। इतना ही नहीं, पुलिस को सूचना देने पर आरोपी ने पीड़ित का मोबाइल छीनकर तोड़ दिया और जान से मारने की धमकी दी।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।ग्राम चमरऊवा निवासी भगत सिंह (37 वर्ष) पुत्र तुलसीराम लोधी ने कोतवाली में दी अपनी तहरीर में बताया कि रविवार शाम करीब 4.30 बजे वह अपनी दुकान पर बैठा था। उसी समय गांव का ही लवकुश यादव पुत्र कीरत सिंह यादव दुकान पर आया और उधारी में गुटखा मांगने लगा। जब भगत सिंह ने उधार देने से मना किया, तो लवकुश गाली-गलौज पर उतारू हो गया। आरोप है कि मना करने पर लवकुश ने दुकानदार भगत सिंह के साथ लात-घूंसों और लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान आरोपी ने पत्थर उठाकर दुकान में फेंका, जो भगत सिंह के कान के पास लगा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जब बीच-बचाव करने पीड़ित के पिता और भाई आगे आए, तो आरोपी ने उन्हें भी नहीं बख्शाऔर उनके साथ भी लाठी-डंडोंसेमारपीट की, जिसस उन्हें अंदरूनी चोटें आई हैं।

घटना के दौरान जब भगत सिंह ने 112 नंबर डायल कर पुलिस को जानकारी देने की कोशिश की, तो आरोपी लवकुश ने उसका मोबाइल छीनकर जमीन पर पटक कर तोड़ दिया। मौके पर मौजूद मोविन्द्र पुत्र अमरसिंह ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराने की कोशिश की, तो आरोपी ने उन्हें भी धमकी दी कि अगर कोई कानूनी कार्यवाही की तो जान से मार दूंगा। पीड़ित की शिकायत पर ललितपुर पुलिस ने आरोपी लवकुश के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### सर्व ब्राह्मण महासभा का होली मिलन 8 को

**श्योपुर।** सर्व ब्राह्मण महासभा की जिला कार्यकारिणी की बैठक रविवार को भगवान परशुराम मंदिर किला रोड़ पर आयोजित की गई जिसमें होली मिलन समारोह सहित आवश्यक एजेंडे पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता महासभा अध्यक्ष रामबाबू शर्मा ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि सर्व ब्राह्मण महासभा का होली मिलन समारोह एवं वार्षिक साधारण सभा 8 मार्च रविवार को भगवान परशुराम मंदिर प्रांगण में दोपहर 12 बजे आयोजित किया जायेगा जिसमें जिलेभर के समाजबंधु उपस्थिति प्रदान कर साधारण सभा में भगवान परशुराम जयंती संयोजक का मनोनयन किया जायेगा। इसके साथ बैठक में निर्णय लिया गया कि महासभा द्वारा मंदिर में आवश्यक निर्माण कार्य जैसे शिखर निर्माण, मंदिर के चारो तरफ बाउंड्रीवाल एवं भंडारकक्ष में फर्श एवं प्लास्टर निर्माण हेतु समिति का गठन किया जाये जिसका निर्णय रविवार को साधारण सभा की बैठक में लिया जायेगा। बैठक में होली मिलन समारोह के संयोजक के रूप में दुलीचंद समाधिया को मनोनित किया गया तो वहीं सहसंयोजक का दायित्व गिर्राज किशोर शर्मा एवं गिर्राज शर्मा को सौंपा है।

---

### मंदिरों को निशाना बना रहे चोर

# कल्याणपुरा के सिद्ध बाबा मंदिर में चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

गथाना बांसी के मंदिर में हुई चोरी का राज अभी खुला भी नहीं और थाना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत कल्याणपुरा में स्थित सिद्ध बाबा मंदिर को अज्ञात चोरों ने अपना निशाना बनाया।

चोरों ने न केवल मंदिर में चोरी की, बल्कि धार्मिक भावनाओं को आहत करते हुए वहां स्थापित मूर्तियों को भी खंडित कर दिया। घटना का खुलासा मंगलवार 3 मार्च 2026 की सुबह उस वक्त हुआ जब लगभग 9.30 बजे महाराजजी, प्रधान प्रतिनिधि और कीरत कुशवाहा, ब्रजलाल मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे। मंदिर परिसर का नजारा देख ग्रामीण दंग रह गए। वहां स्थापित मूर्तियां टूटी हुई थीं और मंदिर में लगे पीतल के घंटे गायब थे। ग्रामीणों द्वारा पुलिस को दी गई सूचना के अनुसार, चोर मंदिर से कुल 5 घंटे ले गए हैं। इनमें 3 छोटे घंटे शामिल हैं और 2 बड़े घंटे गायब हैं, जिनमें से एक-एक घंटे का वजन लगभग 5 किलोग्राम बताया जा रहा है। इस घटना को लेकर



ग्रामवासियों में गहरा आक्रोश है। ग्राम पंचायत कल्याणपुरा (विकास खंड जखौरा) के प्रधान प्रकाश चंद्र और समस्त ग्रामवासियों ने चौकी इंचार्ज बांसी (ललितपुर) को शिकायती पत्र सौंपकर मामले की जानकारी दी है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि अज्ञात चोरों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाए और मंदिर की क्षतिपूर्ति कराई जाए।

### 9 से शुरू होगी आरटीई नि:शुल्क प्रवेश की प्रक्रिया

**श्योपुर।** आरटीई अतंर्गत निजी स्कूलों में प्रवेश की प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से 9 मार्च से शुरू होने जा रही है। जिसके तहत 13 मार्च से आवेदन किये जा सकते है। डीपीसी भूपेन्द्र शर्मा ने बताया कि निशुल्क प्रवेश हेतु मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलो एवं उनके उपलब्ध कक्षाओं की सीट का पोर्टल पर प्रदर्शन मार्च को किया जायेगा, इसके उपरांत पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 13 मार्च से शुरू होगी, आवेदन की अंतिम तिथि 28 मार्च तक नियत की गई है, इस अवधि में त्रुटि सुधार भी किया जा सकता है। आवेदन पश्चात 30 मार्च तक सत्यापन की प्रक्रिया शासकीय जनशिक्षा केन्द्रों के माध्यम से की जाएगी। 02 अप्रैल को रेण्डम पद्धति से ऑनलाइन लाटरी द्वारा स्कूल का आवंटन होगा तथा एसएमएस के माध्यम से आवेदको को सूचना दी जायेगी, आवंटन उपरांत अशासकीय स्कूलो में प्रवेश हेतु उपस्थिति 3 अप्रैल से 15 अप्रैल तक दी जा सकेगी।

---

### एआई समिट मामला : 9 दिन बाद हुए रिहा

# उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस महासचिव ऋतिक शुक्ला को दिल्ली पुलिस ने दी क्लीन चिट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

दिल्ली पुलिस ने उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस के महासचिव ऋतिक शुक्ला को एआई समिट मामले में निर्दोष पाते हुए रिहा कर दिया है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल जांच टीम (एसआईटी) ने नौ दिनों तक चली गहन पूछताछ और मामले की बारीकी से जांच करने के बाद उन्हें क्लीन चिट दे दी है। मोंटी शुक्ला को 2 मार्च की शाम हिरासत से मुक्त किया गया।



गौरतलब है कि 20 फरवरी को दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित एआई समिट के दौरान हुए विरोध प्रदर्शन के सिलसिले में पुलिस जांच कर रही थी। इसी मामले में संदेह के आधार पर दिल्ली पुलिस ने 22 फरवरी को ऋतिक शुक्ला को उनके गृह जनपद ललितपुर से हिरासत में लिया था। इसके बाद उन्हें दिल्ली ले जाया गया, जहां सुरक्षा एजेंसियों और विशेष टीम ने उनसे विस्तार से सवाल-जवाब किए।

#### कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

जांच के दौरान मोंटी शुक्ला के खिलाफ कोई भी पुख्ता सबूत या दोष सिद्ध नहीं हो सका। उनकी रिहाई की खबर मिलते ही उनके परिजनों और समर्थकों ने राहत की सांस ली है। बता दें कि उनकी गिरफ्तारी के बाद से ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं में काफी रोष था। 26 फरवरी को ललितपुर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनकी रिहाई की मांग को लेकर प्रदर्शन किया था और राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार को सौंपा था। बंटी शुक्ला के स्वागत के लिए मोंटी शुक्ला के स्वागत के लिए जिला कांग्रेस कमेटी इंतजार कर रही है।

---

# घरेलू हिंसा से महिला को बचाना युवक को पड़ा भारी, पति ने पत्थर मारकर सिर फोड़ा

**ललितपुर।** बानपुर थाना अंतर्गत ग्राम सूरीकलां में मानवता दिखाना एक युवक के लिए भारी पड़ गया। पत्नी के साथ मारपीट कर रहे एक व्यक्ति को जब युवक ने रोकने की कोशिश की, तो आरोपी ने उस पर पत्थरों से हमला कर दिया।

पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम सूरीकला निवासी सिद्धार्थ पुत्र मुलायम परिहार ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार (27 फरवरी) की रात करीब 8 बजे वह अपने खेत पर जा रहा था। रास्ते में उसी के गांव के सतीश बरार की पत्नी उसे मिली, जो बदहवास हालत में थी। महिला ने सिद्धार्थ को रोककर गुहार लगाई कि मेरे पति से मुझे बचा लो, वह मुझे मार रहा है। पीड़ित सिद्धार्थ के अनुसार, जब उसने महिला को बचाने का प्रयास किया, तो आरोपी सतीश ने अपनी पत्नी को छोड़कर सिद्धार्थ पर हमला कर दिया। आरोपी ने पीछे से एक बड़ा पत्थर सिद्धार्थ के सिर में मार दिया, जिससे वह लहूलुहान हो गया। इसके बाद आरोपी ने सिद्धार्थ के बाएं हाथ पर भी दो पत्थर मारे, जिससे उसे गंभीर चोटें आई हैं। मौके पर मौजूद शिशुपाल यादव ने जब बीच-बचाव किया, तो आरोपी ने उनके साथ भी मारपीट की और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग निकला। घटना के बाद घायल सिद्धार्थ ने बानपुर थाने पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई। पुलिस ने आरोपी सतीश पुत्र जीवन बरार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

---

### डीएम के निर्देश पर होटल, भोजनालय व मिष्ठान भंडार का किया निरीक्षण

# जन जीवन के स्वस्थ से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं: डीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

होली पर्व के दृष्टिगत मिलावटी खाद्य पदार्थों की रोकथाम और जनसामान्य के स्वास्थ्य के प्रति जिलाधिकारी सत्यप्रकाश बेहद गंभीर हैं, जिसके लिए उन्होंने त्यौहार के पूर्व से ही पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की टीमों को ऐसे मिलावटखोरों की धरपकड़ के लिए एक्टिव कर दिया है, जिसके फलस्वरूप जनपद के शहरी व ग्रामीण इलाकों में ये टीमें युद्ध स्तर पर खाद्य पदार्थों की सैंपलिंग कर रहीं हैं और मौके पर मिल रहे नकली खाद्य पदार्थों को नष्ट भी करा रही हैं। इस संबंध में जिलाधिकारी का कहना है कि किसी भी दशा में जनपदवासियों की सेहत से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, मिलावटखोरों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलता रहेगा और अगर कोई अब भी मिलावटी व नकली खाद्य पदार्थों का व्यापार करता हुआ पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। अभियान के चलते सोमवार को टीम ने नगर में स्थित होटल, भोजनालय एवं मिष्ठान भण्डार आदि का निरीक्षक किया।


निरीक्षण के समय उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार, क्षेत्राधिकारी सदर सुनील भारद्वाज, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी कलामुद्दीन, खाद्य सुरक्षा अधिकारी सच्चिदानन्द राय व राजस्व टीम मौके पर पाठक स्वीटस व आनन्द भोजनालय का निरीक्षण कर मिष्ठान आदि का नमूना लेकर जाँच हेतु लेब में भेजा। इसके साथ ही द ग्राण्ड सिद्धी होटल सिविल लाइन, ललितपुर का भी निरीक्षण किया गया एवं निरीक्षण के समय पायी गयी कमियां यथा अग्निशमन आदि की व्यवस्था को यथाशीघ्र दुरूस्त कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। उन्होंने समस्त खाद्य सामग्री विक्रेताओं को निर्देशित किया कि यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। जाँच दौरान किसी भी प्रकार की कमी पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कठोरतम कार्यवाही अमल में लायी जाएगी।

---

### 25 लाख 11 हजार रुपए सालाना वाले ठेके से नपा कर्मी ला रहे सिर्फ़ दो हजार

# नगरपालिका कर्मचारियों की लापरवाही से सिमट कर रह गई वाहन दखल वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



नगर पालिका के स्वामित्व वाले एकीकृत बस स्टैंड में वाहनों के अस्थाई दखल वसूली नगरपालिका कर्मचारियों की अवैध कमाई का जरिया बन गई है। न नगरपालिका नए टेंडर निकाल रही है और न ही कर्मचारी अनुमानित वसूली करके ला रहे हैं। जिससे नगरपालिका को हर माह लाखों रुपए का घाटा उठाना पड़ रहा है। पूर्व में दिए गए ठेके के अनुसार ठेकेदार प्रतिदिन औसत 6 से 7 हज़ार रुपए वसूली दे रहा था लेकिन नपा कर्मचारी 2 हज़ार या उससे भी कम वसूली लेकर आ रहे हैं। बस स्टैंड पर वाहनों से वसूली करने वाले नगर पालिका के एक कर्मचारी ने बताया कि वह बस स्टैंड के भीतर से अस्थाई दखल के रूप में जो वसूली ला रहे हैं वह वसूली एक हजार हजार रुपए प्रतिदिन औसत आ रही है। प्रश्न यही उठ रहा है कि जब ठेकेदार के पास से अनुबंध अनुसार नपा को प्रतिदिन 6 हज़ार 879 रूपए मिल रहे थे तो फिर नगर पालिका के कर्मचारियों को हज़ार रुपए ही प्रति दिन क्यों मिल रहे हैं।

#### टेंडर निकाला जाएगा

बस स्टैंड वाहन दखल वसूली के लिए कई बार ऑनलाइन टेंडर निकाले जा चुके हैं पर या तो ठेकेदार इतनी राशि नहीं दे रहे हैं जितनी उनसे अपेक्षा की जा रही है जिसके चलते वाहन दखल वसूली कर्मचारियों के माध्यम से करवाई जा रही है। अब शीघ्र ही फिर ऑनलाइन टेंडर निकालकर ठेका दिया जाएगा।

आरआर यादव सीएमओ श्योपुर


#### एक अनार सौ बीमार वाली कहावत हो रही चरितार्थ

एकीकृत बस स्टैंड के भीतर से अस्थाई दखल वसूली कम आने का कारण यह भी है कि जिन कर्मचारियों की ड्यूटी नगर पालिका ने वसूली के लिए लगाई है उन्हें अन्य योजनाओं में भी ड्यूटी पर लगाया हुआ है। एक कर्मचारी को चार-चार ड्यूटी में लगाने के कारण बस स्टैंड के भीतर से वाहनों की अस्थाई वसूली प्रभावित हो रही है। एक कर्मचारी ने अपना नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि वसूली तो हम आज भी उतनी ही ले आए जितनी ठेकेदार के माध्यम से आ रही थी लेकिन हमारी ड्यूटी सिर्फ कागजों में लगाई हुई है हमें दूसरी जगह ड्यूटी के लिए भेज दिया जाता है, साथ ही निर्वाचन काम के लिए अचानक बुला लेने से भी वसूली प्रभावित हो रही है। जिसके चलते नगर पालिका को लाखों रुपए के राजस्व की हानि हो रही है।

---

# जिले का पहला ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट आयोजित, कुणाल बंसल बने विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



जिला टेबल टेनिस संघ श्योपुर की अगुवाई में पहला ओपन टेबल टेनिस नॉक आउट रैंकिंग टूर्नामेंट आयोजित किया। इसका फाइनल मैच तन्वी अवस्थी और कुणाल बंसल के बीच हुआ जिसमें कुणाल बंसल ने 2-1 से बाजी मारी, परन्तु तन्वी ने भी कुणाल को छकाने में कोई कसर नहीं छोड़ी और 1-1 की बराबरी के बाद निर्णायक मुकाबले में मात्र 2 पॉइंट्स से ही मैच में शिकस्त हासिल की। ज्ञात हो कि कुणाल बंसल और तन्वी अवस्थी दोनों ही अकादमी के नियमित खिलाड़ी हैं जोकि राष्ट्रीय स्तर तक जिले का नाम रौशन कर चुके हैं। टूर्नामेंट में तृतीय स्थान भूरज सिंह चौहान ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला खेल अधिकारी अरुण सिंह रहे और विशिष्ट अतिथि देवेंद्र सिंह रहे इसी के साथ यतेंद्र सिंह, विजितेंद्र सिंह, राजेश खंडेलवाल, ताराचंद सेन, डॉ संजय चौहान भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। जिला टेबल टेनिस संघ श्योपुर के अध्यक्ष के रूप अतुल चौहान ने आयोजन समिति के सभी सदस्यों सचिव डॉ मनु प्रताप सिंह भदौरिया, ट्रेजरर हनुमान राठौर, सोनू निबोरिया एवं अन्य सभी को बेहतरीन आयोजन के लिए शुभकामनाएं एवं बधाई दीं।

## 2 साल से बंद है भोजन केंटीन, किसानों ने जताई नाराजगी

# कृषि उपज मंडी खुजनेर में नीलामी देर से शुरू होने पर किसानों ने किया हंगामा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

कृषि उपज मंडी खुजनेर एक बार फिर अव्यवस्थाओं को लेकर चर्चा में है। शुक्रवार को व्यापारियों द्वारा कम भाव में फसल खरीदी के विरोध में किसानों ने चक्काजाम किया था, जिसमें प्रशासन ने आकर किसानों को समझाकर जाम खुलवाया था। परंतु इसक बाद भी मंडी प्रबंधन ने कोई सीख नहीं ली और हालात जस के तस बने रहे। लगातार परेशानियां झेल रहे किसानों का एक बार फिर सोमवार को आक्रोश फूट पड़ा जब सुबह 11 बजे तक नीलामी प्रक्रिया शुरू नहीं हुई नाराज किसानों ने मंडी कार्यालय के सामने जमकर हंगामा किया। किसानों का आरोप है कि मंडी में अक्सर दोपहर 12 बजे के बाद ही बोली शुरू होती है। साथ ही यहां पिछले दो वर्षों से भोजन केंटीन की कोई व्यवस्था नहीं है। चाय पानी के साथ साथ भोजन के लिए भी परेशान हो रहे किसानों ने जमकर बबाल काटा।

### थाना प्रभारी की मौजूदगी में शुरू हुई बोली

किसानों का कहना है कि वे रात से ही फसल लेकर मंडी पहुंच जाते हैं, लेकिन दिनभर भूखे रहने को मजबूर हैं। सूचना मिलने पर पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा थाना प्रभारी रवि ठाकुर ने किसानों को समझाइश दी, जिसके बाद पुलिस की मौजूदगी में नीलामी प्रक्रिया शुरू करवाई गई

### गुस्साए किसानों ने लगाए आरोप

किसान सिद्धनाथ दांगी (ग्राम लिम्बोदा) ने बताया कि वे चने की उपज लेकर मंडी आए थे। मंडी खुलने का समय सुबह 11 बजे निर्धारित है, लेकिन नीलामी दोपहर 12बजकर 30 बजे शुरू की गई। उन्होंने कहा कि मंडी में 7 व्यापारियों के लाइसेंस हैं, परंतु केवल 2 व्यापारी ही बोली लगाते हैं, जिससे प्रतिस्पर्धा कम होती है और किसानों को उचित मूल्य नहीं मिल पाता किसानों ने यह भी बताया कि कृषि उपज मंडी नीमच, कृषि उपज मंडी पचोर, कृषि उपज मंडी खिलचीपुर और कृषि उपज मंडी जीरापुर में 5 रुपये में भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है, जबकि खुजनेर मंडी में पिछले दो साल से केंटीन बंद पड़ी है किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि नीलामी समय पर शुरू हो और भोजन व्यवस्था तत्काल बहाल की जाए, ताकि किसानों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।

### इनका कहना है...

मुझे प्राप्त शिकायत के संबंध में मंडी प्रशासन को निर्देशित किया गया है कि किसानों द्वारा लाए गए माल की गुणवत्ता की उचित जांच करने के बाद ही भाव निर्धारित किए जाएं। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि व्यापारियों द्वारा किसानों को किसी प्रकार का कम या अनुचित भाव न दिया जाए। व्यापारियों को बैंकों से पर्याप्त नकद भुगतान उपलब्ध नहीं होने के कारण मंडी में खरीदी कार्य देर से प्रारंभ हुआ है। इस समस्या के समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों से समन्वय किया जा रहा है मंडी परिसर में भोजन कैंटीन को पुनः प्रारंभ कराने के लिए मंडी सचिव से चर्चा की गई है इसे शीघ्र चालू करवाया जाएगा।

**निधि भारद्वाज, एसडीएम, राजगढ़**

# हाइड्रेशन थेरेपी और इंजेक्शन की मदद से निकाली मूत्रमार्ग से 8 मिमी की पथरी

## रेफर होने की स्थिती में डॉ अंकुर ने दिखाया हौसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

सर्जन अंकुर देशवाली जिले के क्रिटिकल मरीजों के इलाज के लिए सदैव तैयार रहते हैं फिर चाहे दिन हो या रात। क्रिटिकल सर्जरी एक्सपर्ट के रूप में अपनी पहचान बनाने वाले डॉ अंकुर ने एक बार फिर लगभग भोपाल रेफर होने वाले मरीज का इलाज जिला अस्पताल में ही कर दिया और वह भी बिना आर्थिक भार डाले।

मामला राजगढ़ निवासी 35 वर्षीय शकूर खान का है जिन्हें पेशाब रुकने और पेट फूलने की शिकायत के साथ 22 फरवरी को रात 8 बजे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। कैथेटर लगाने का प्रयास किया गया, लेकिन वह ठीक से काम नहीं कर रहा था व मरीज का मूत्र निकासी आसानी से नहीं जा रहा पाया। कैथेटर लगाने के बाद मरीज को रक्तस्राव होने लगा। फिर मूत्राशय में सीधे डाला लगाया गया और पेशाब निकलने शुरू कर दिया।



### पथरी का पता चलने पर की हाइड्रेशन थेरेपी

इसके बाद अल्ट्रासाउंड किया गया, जिसमें मूत्राशय और मूत्रमार्ग में पथरी होने का संकेत मिला। बाद में मरीज का इलाज राजगढ़ जिला अस्पताल में भोपाल हमीदिया रेफर करने की सलाह दी गई। फिर सोमवार को अटेंडर डॉ. अंकुर देशवाली के पास गए। उन्होंने उन्हें भरोसा दिलाया कि इसका इलाज राजगढ़ जिला अस्पताल में किया जा सकता है या जरूरत पड़ने पर ऑपरेशन करके इसे निकाला जा सकता है। उन्हें हाइड्रेशन थेरेपी, इंजेक्शन और पथरी निकालने के लिए बोतल से दवा दी गई। 1 मार्च 2026 को लगभग 8 मिमी की पथरी निकाली गई। मरीज ने 2 लीटर पेशाब किया। मरीज स्वस्थ और आरामदायक स्थिति में है। मरीज को 2 मार्च को छुट्टी दे दी गई।

## गोगटपुर परीक्षा केंद्र पर शांतिपूर्ण संपन्न हुई कक्षा 5वीं-8वीं की परीक्षाएं



गोगटपुर। शासकीय एकीकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोगटपुर में संचालित कक्षा पाँचवीं एवं आठवीं की बोर्ड परीक्षाएं सोमवार को सफलतापूर्वक एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो गईं। अंतिम दिवस पर भी परीक्षा निर्धारित समय पर प्रारंभ होकर सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुई। परीक्षा अवधि के दौरान समस्त व्यवस्थाएँ संतोषजनक रहीं। केंद्राध्यक्ष, सहायक केंद्राध्यक्ष, संकुल प्रभारी, जनशिक्षक एवं सभी पर्यवेक्षकों के समन्वित प्रयासों से परीक्षाएं निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से आयोजित की गईं। परीक्षाओं की समाप्ति पर बीआरसी गजेंद्र शर्मा ने केंद्र पर उपस्थित समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने परीक्षा संचालन में सहयोग, अनुशासन एवं जिम्मेदारीपूर्ण कार्य के लिए सभी की सराहना की तथा कहा कि सभी के सामूहिक प्रयास से ही परीक्षा कार्य सफलतापूर्वक सम्पन्न हो सका। विद्यालय परिवार ने भी सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग बनाए रखने की बात कही।

# खेड़ापति हनुमान मंदिर की चोरी गई दान पेटी जंगल में टूटी मिली, जांच जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

पड़ाना नगर के जाटव मोहल्ला स्थित प्रसिद्ध खेड़ापति हनुमान मंदिर से चोरी हुई दान पेटी रविवार देर शाम मंदिर के पीछे जंगल क्षेत्र में टूटी हुई अवस्था में बरामद की गई। अज्ञात चोर बीते सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात मंदिर परिसर में रखी दान पेटी को उठाकर ले गए थे। घटना के बाद से क्षेत्र में आक्रोश का माहौल बना हुआ था।

जानकारी के अनुसार, जाटव मोहल्ले के पीछे स्थित जंगल में इमली के पेड़ के पास कुछ बच्चे इमली खाने पहुंचे थे। इस दौरान उनकी नजर एक प्लास्टिक के बोरे में लिपटी वस्तु पर पड़ी। संदेह होने पर बच्चों ने पास जाकर देखा तो बोरे में मंदिर की दान पेटी दिखाई दी, जिसका निचला हिस्सा टूटा हुआ था। बच्चों ने तुरंत इसकी सूचना ग्रामीणों को दी। मोहल्ले के लोगों को पहले से ही मंदिर से दान पेटी चोरी होने की जानकारी थी। खबर फैलते ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए। इसके बाद पुलिस चैकी पड़ाना को सूचना दी गई। पुलिस टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर दान पेटी को जब्त कर लिया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने दान पेटी का पेंदा तोड़कर उसमें रखी दान राशि निकाल ली और खाली पेटी को बोरे में बंद कर जंगल में फेंक दिया। फिलहाल पुलिस आसपास के क्षेत्र में संदिग्धों की तलाश कर रही है। अभी तक आरोपियों का कोई सुराग नहीं लग सका है। पुलिस ने मामले में जांच तेज कर दी है।

# अहिरवार समाज द्वितीय सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियां जोर-शोर पर

## जिनके पालक नहीं हैं, उनका विवाह सम्मेलन में होगा निशुल्क



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

आदर्श अहिरवार समाज दूसरा सामूहिक विवाह सम्मेलन खिलचीपुर में होगा। जिसमे गरीब परिवार के लिए एक अनुकरणीय कदम है। खिलचीपुर में दूसरा सम्मेलन रखा जाएगा और सभी समाजों को ऐसे आयोजनों के लिए पहल करनी चाहिए। ऐसे आयोजनों से सभी लोग आपसी भाईचारा और सौहार्द स्थापित होता है।

रविवार को नहारदा मंदिर पर अहिरवार समाज सामूहिक सम्मेलन की बैठक रखी गई। बैठक में संत रविदास महाराज को छायाप्रति पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलित कर बैठक अयोजित की गई। बैठक में खिलचीपुर जीरापुर मचालपुर रामगढ़ कोटा झालावाड़ राजस्थान क्षेत्र के जनप्रतिनिधी, शिक्षक, कर्मचारी सहित 200 से अधिक नागरिक मौजूद हुए। बैठक में सभी की सहमति से निर्णय हुआ की द्वितीया सम्मेलन खिलचीपुर में रखा जाएगा। सम्मेलन को लेकर बैठक आयोजित की गई। जिसमे राजस्थान सहित कोटा झालावाड़ माचलपुर जीरापुर खिलचीपुर के नागरिक शामिल हुए। बैठक सम्मेलन समिति के अध्यक्ष प्रभुलाल सिकरवार और उपाध्यक्ष रूपचन्द्र वर्मा, पुनम चंद्र, वर्मा को बनाया गया। वहीं सम्मलेन समिति सम्मलेन समिति कार्यकारणी गठित की गई।

### 20 अप्रैल को होगा अहिरवार समाज वर वधु विवाह सम्मेलन

अहिरवार समाज का सामुहिक विवाह सम्मेलन छोटा मेला ग्राउंड में 20 अप्रैल सम्मलेन रखा जाएगा सम्मलेन में समाज द्वारा वर वधु को निशुल्क सोने के मगलसूत्र, चांदी की पायजंब, गोदरेज आलमारी, बिस्तर बेट, सात बर्तन, सहित वर वधु को अनेकों उपहार समिति द्वारा दिया जाएगा। विशेष अतिथि प्रभुलाल सिकरवाल ने कहा कि खिलचीपुर छोटा मेला ग्राउंड पर अहिरवार समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन में जिन बच्चों के माता पिता नही है उनके पुत्र पुत्री का निशुल्क विवाह सम्मेलन में किया जाएगा। सम्मेलन समिति द्वारा अनेकों उपहार दिया जाएगा। समिति की तरफ से चांदी को पाईजंब, गोदरेज आलमारी, बिस्तर बेट, सात बर्तन सहित अनेकों उपहार दिया जाएगा।

### अहिरवार समाज सम्मेलन आयोजित बैठक में लिए कई निर्णय

नहारदा मंदिर परिसर में हुई अहिरवार समाज की बैठक में समाज में जागरूकता लाने के लिए कई निर्णय लिया गया जिसमे शादी ब्याह कपड़ा प्रथा बंद होना चाहिए, नातरा प्रथा बंद होना चाहिए , नुक्था प्रथा बंद करन समाज के लोग शराब के ज्यादा अधीन होते जा रहे शराब पर प्रति बन्द होना चाहिए, बच्चो को शिक्षा दिलाना, वही , कस्बों व शहरों में समाज के लोगों के साथ बैठकें करेंगे। इनमें एकता का संदेश देने के साथ अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाएगा व समाज की उपलब्धियों का इतिहास बताया जाएगा। समाज के असंगठित होने के कारण अब तक राजनीति, नौकरियों, शिक्षा आदि में पर्याप्त स्थान नहीं मिल सका। शिक्षा के अभाव में कोई भी व्यक्ति या समाज विकास नहीं कर सकता। इसलिए समाज के बच्चों को ज्यादा से ज्यादा शिक्षित करने पर बल दिया जाएगा।

# छापीहेड़ा पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च, कानून व्यवस्थाएं बनाए रखना मुख्य उद्देश्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छापीहेड़ा

कानून हर जगह अपना कार्य समर्थकता के साथ सत्य निष्ठा निर्वहन करता है जो हमारी रक्षा के लिए सदैव उपस्थित भी रहता है। सोमवार को छापीहेड़ा में जनसेवा देश भक्ति के सिपाहियों ने मिलकर कदम से कदम की ताल से फ्लैग मार्च निकाला जिसे देख नगर के हर चैराहों पर कई जगह पर लोगों ने सेल्यूट मारकर पुलिस का सम्मान किया। क्योंकि पुलिस बल हमेशा सभी नगर वासियों की रक्षा के लिए 24 घंटे उपलब्ध रहते है त्योहारों के चलते अमन और शांति सद्भावना बनाए रखने के लिए बार-बार अपील कर चुकी है। इसलिए फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य यहां रहता है कि संवेदनशील क्षेत्रों में आम जनता के बीच सुरक्षा की भावना पैदा करना कानून व्यवस्था बनाए रखना और अपराधियों में भय पैदा करना यह पुलिस की दृश्यता बढ़ाता है और शांतिपूर्ण माहौल सुनिश्चित करने के लिए एक एक महत्वपूर्ण पुलिस का कदम होता है थाना छापीहेड़ा टीआई हुकुम सिंह मीणा तथा बड़ी संख्या में पुलिस बल एक साथ कदमताल से चलते दिखाई दिए।

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय ने 'ईश्वरीय रंगों की होली' कार्यक्रम उत्साह से मनाया



सारंगपुर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, सारंगपुर द्वारा "ईश्वरीय रंगों की होली" कार्यक्रम बड़े ही उमंग-उत्साह और आध्यात्मिक वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ परमात्म याद एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि नीलेश वर्मा, महेश शर्मा, एल.एन. त्रिकार, जिला प्रभारी मधु दीदी तथा स्थानीय सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी भाग्यलक्ष्मी दीदी सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर मधु दीदी ने आशीर्वचन देते हुए कहा कि "परमात्म प्रीत की होली ही सच्ची होली है।" उन्होंने सभी को होली का तिलक लगाकर शुभकामनाएं दीं और कहा कि भगवान शिव पर अर्पित की जाने वाली सामग्रीकृआक, धतूरा, बेर आदिकृहमारी बुराइयों के प्रतीक हैं, जिन्हें त्यागना ही सच्चे अर्थों में शिव अर्पण है। यदि हम परमात्मा शिव को मानते हैं तो उनकी शिक्षाओं को भी जीवन में धारण करना चाहिए। इस दौरान कई लोग मौजूद थे।

## स्वयं सहायता समूहों की रचनात्मकता बनी आकर्षण का केंद्र

# भैंसवामाता मंदिर में होली महोत्सव आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा/सारंगपुर

भैंसवामाता मंदिर परिसर सारंगपुर में मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा होली के अवसर पर रंगारंग होली महोत्सव एवं मेले का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के सभी ब्लॉकों से जुड़े स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता दर्ज की। यह कार्यक्रम ग्रामीण आजीविका, महिला सशक्तिकरण और स्थानीय उत्पादों के प्रोत्साहन के उद्देश्य से आयोजित किया गया। महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद रोडमल नगर ने शिरकत की और मिशन के अंतर्गत कार्यरत महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले, अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारी निधि भारद्वाज, डिप्टी कलेक्टर डॉ. ज्योति राजोरे उपस्थित रहे।

### महिला समूहों द्वारा लगाए गए विविध उत्पादों के स्टॉल

साथ ही मेले की सबसे बड़ी विशेषता जिले के विभिन्न ब्लॉकों की महिला समूहों द्वारा लगाए गए विविध उत्पादों के स्टॉल रहे। जीरापुर ब्लॉक की महिलाओं ने पारंपरिक स्वाद के अनुरूप घरेलू स्नैक्स और होम डेकोरेशन सामग्री के आकर्षक स्टॉल लगाए, जिनमें हस्तनिर्मित सजावटी सामान और पैक्ड फूड आइटम शामिल थे। खिलचीपुर ब्लॉक के स्वयं सहायता समूहों ने पूरी तरह देसी पद्धति से तैयार किए गए। ऑर्गेनिक दालों और मसालों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया। जिससे ग्रामीण उत्पादों की गुणवत्ता और वैल्यू एडिशन को बढ़ावा मिला। सारंगपुर पड़ाना से महिला समूह ने हैंडलूम और ब्यावरा से महिला समूह ने घरेलू श्रृंगार की प्रियदर्शिनी लगाई। नरसिंहगढ़ से महिला समूह ने घरेलू उत्पाद जैसे खिलौने, घी, मसाले और खाद की प्रदर्शनी लगाई। राजगढ़ ब्लॉक की महिला समूहों ने प्राकृतिक अवयवों से बने घरेलू गुलाल एवं अन्य हर्बल रंगों के साथ-साथ पारंपरिक घरेलू व्यंजनों के स्टॉल संचालित किए, जिससे स्वदेशी व सुरक्षित रंगों के उपयोग का संदेश दिया गया। इसके साथ ही ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान से प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पाद भी मेले में विशेष आकर्षण का केंद्र रहे, जो ग्रामीण कौशल विकास और उद्यमिता की सफल मिसाल प्रस्तुत करते हैं।



### महिलाओं की सामाजिक आर्थिक स्थिति भी हो रही सुदृढ़

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं की आर्थिक भागीदारी बढ़ने से न केवल परिवार की आय में वृद्धि होती है, बल्कि गांवों की सामाजिक आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ होती है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस प्रकार के मेलों से महिला समूहों को बाजार की समझ, ब्रांडिंग, पैकेजिंग और ग्राहक से सीधे संवाद का अनुभव प्राप्त होगा, जो उन्हें आगे चलकर सफल उद्यमी के रूप में स्थापित करने में सहायक होगा। होली महोत्सव के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों, लोकगीतों और पारंपरिक होली गीतों की प्रस्तुतियों ने वातावरण को उल्लासमय बना दिया। पूरे कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से संगठित स्वयं सहायता समूह, परंपरा, संस्कृति और आधुनिक ग्रामीण उद्यमिता को एक साथ जोड़कर आत्मनिर्भरता की राह पर आगे बढ़ रहे हैं।

## शांत, स्वच्छ वातावरण होगा तैयार, लगेंगी बेंच

# मुक्तिधाम का होगा कायाकल्प विधायक ने किया भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छापीहेड़ा

नगर छापीहेड़ा के वार्ड क्र. 9 में स्थित मुक्तिधाम को एक करोड़ रुपए के आसपास की सौगात मिली है। विधायक ने भूमि पूजन किया। सुंदरीकरण के लिए एक शांत, स्वच्छ और सम्मानजनक वातावरण तैयार होगा। साथ-साथ आधुनिक विद्युत व्यवस्थापथ एवं बैठने के लिए बेंचछायादार पेड़-पौधे और स्वच्छ शौचालय निर्माण किया जा सकता है।

वैदिक मंत्रों के लिए भवन और 24 x 7 सुलभ सुविधाएँ भी सुंदरीकरण का अहम हिस्सा हैं अब देखना यह है कि किन-किन बिंदुओं पर परिषद की मोहर लगती है। वही खिलचीपुर विधायक हजारीलाल दांगी ने कहा की कांग्रेस उपाध्यक्ष राजेश टाक ने मेरे से अभी-अभी कहां है कि जो कार्य नगर परिषद में मुन्ना बाबू रामपुरिया के कार्यकाल में हुआ था उससे अधिक कार्य अब अध्यक्ष देव बाई खटीक के कार्यकाल में हो रहा है। वहीं दांगी ने कहा की कांग्रेस और भाजपा सिर्फ चुनाव के समय करना चाहिए उसके बाद तो विकास की बात होनी चाहिए और हर तरफ विकास की गंगा बहनी चाहिए। क्योंकि हम जनप्रतिनिधियों को मिलजुलकर नगर व्यवस्थाओं को बढ़ावा देने में महत्वपूर्णता रखनी चाहिए मुक्तिधाम विकास कार्य के भूमि पूजन के इस मौके पर नपा अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष नपा सीएमओ हरिओम शर्मा श्रीराम नागर शिवा इंग्ले तथा पार्षद प्रतिनिधि नीरज सेठिया पार्षद दुर्गा प्रसाद वर्मा बंटी भामी कैलाश पाटीदार अमित झंझावात मोतीलाल शर्मा भाजपा के सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता नगर के गणमान्य नागरिक तथा पत्रकार साथी इस कार्यक्रम में मौजूद थे।

